क्रमांक 361 / परीक्षा / 2014

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्रमांक 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

परीक्षा विभाग

अभियांत्रिकी शाखा

बिलासपुर
दिनांक 25-09-2014

प्रति,

विभागाध्यक्ष,
समस्त शैक्षणिक विभाग,
(प्रौद्योगिकी संस्थान)
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ0ग0)

विषयः– विषम सेमेस्टर सत्र 2014–15 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया विषयक।

महोदय,

आपके विभाग मे अध्ययनरत नियमित छात्र सत्र 2014–15 की विषम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र आईयूएमएस के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र की प्रतिपूर्ति करेंगें जिसके लिए विश्वविद्यालय के साइट पर छात्रों के लिए लिंक दिया गया है एवं आंतरिक लिक का पता http://172.16.35.12/smp/ है जिस पर छात्र अपने लागिन आईडी एवं पासवर्ड से प्रवेश करेंगें और Subject Registration को Click करने के पश्चात अपने संबंधित सेमेस्टर के विषय के Check Box पर Click करने पर Subject Registration को OK करेगें जिससे उनके द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।

पूरक परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने वाले छात्र पूर्व प्रक्रिया अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र जमा करेगें।

बी0टेक0 2009–10 में प्रवेशित छात्र पूर्व प्रक्रिया अनुसार अपना परीक्षा आवेदन पत्र जमा करेगें

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि निम्नानुसार है–

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क के साथ – | 10 अक्टूबर 2014 (बी0टेक तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर / एम0टेक0 प्रथम, तृतीय) |
| | 31 अक्टूबर 2014 (बी0टेक प्रथम सेमेस्टर) |
| विलम्ब शुल्क रूपये 100 / – के साथ – | 17 अक्टूबर 2014 (बी0टेक तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर) |
| | 07 नवम्बर 2014 (बी0टेक प्रथम सेमेस्टर) |

छात्रों द्वारा निर्धारित अवधि में परीक्षा आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात विभाग द्वारा पात्र परीक्षार्थियों की सूची निम्न प्रारूप में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में क्रमशः 22 अक्टूबर एवं 11 नवम्बर 2014 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

सेमेस्टर एवं ब्राच का नाम–

| क्रमांक | छात्र का नाम | परीक्षा शुल्क | चालान क्रमांक |
|---|---|---|---|

उक्त निर्धारित तिथि तक यदि कोई छात्र अपना परीक्षा आवेदन पत्र जमा नही करता है तो ऐसे छात्र परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि से तीन पूर्व तक प्रतिदिन 100 / – विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

**अति महत्वपूर्ण :–विभागाध्यक्ष कृपया यह ध्यान रखें कि समस्त छात्रों द्वारा Subject Registration की प्रकिया पूर्ण करने एवं निर्धारित उपस्थिति पूर्ण होने के पश्चात ही छात्रों की सूची प्रेषित करेगें। पूरक परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र को भी प्रेषित करेंगें**

परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक)

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति / कुलसचिव जी के निज सचिव / निज सहायक को कुलपति / कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
2. संकायाध्यक्ष,अभियांत्रिकी एवं तकनीकी अध्ययन शाला / निदेशक, प्रौद्योगिकी संस्थान।
3. उप कुलसचिव, प्रौद्योगिकी संस्थान / सहायक कुलसचिव, वित्त / भंडार / गोपनीय क्रमाक एक एवं दो।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण / वित्ताधिकारी।
5. मीडिया प्रभारी / जन सम्पर्क अधिकारी / विभागाध्यक्ष संगणक एवं सूचना तकनीकी की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक कोनी / बैंक ऑफ इंडिया गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

CSIT/236
29/9/14

24.9.014
उप कुलसचिव (परीक्षा)

Website:www.ggu.ac.in Email : controllerofexamsggv@gmail.com